फोन नं. 07723–223834
फैक्स नं.07723–224036
email : zp-msamund.cg@nic.in

# जिला पंचायत महासमुन्द (छ.ग.)

क्र 756 /जि.पं./SBMG /2017–18

महासमुन्द, दिनांक 27 /01/2018

## //भर्ती हेतु विज्ञापन//

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग नीर भवन, सिविल लाईंस, रायपुर छ.ग. का पत्र क्र./526/मि.श./रा.स्व.भा.मि./पं.ग्रा.वि.वि./2016, रायपुर दिनांक 10.05.2016 एवं पत्र क्र. 582 दिनांक 07.05.2016 तथा शासन का आदेश क्र./एफ–6–2/22/2/पं.ग्रा.वि.वि./22–2–2015, नया रायपुर दिनांक 23.04.2016 के परिपालन में निम्न स्वीकृत संविदा पदों पर निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 12/02/2018 को सायं 5.30 तक निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है ।

| क्र | पद का नाम | एक मुश्त संविदा वेतन | स्वीकृत पद की संख्या | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछडा वर्ग | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जिला सलाहकार | 30000/– प्रति माह | 01 | – | – | – | 01 |
| योग | | | 01 | – | – | – | 01 |

* विज्ञापन की विस्तृत जानकारी नियम एवं आवेदन का प्रारूप आदि जिला पंचायत महासमुन्द के सूचना पटल पर एवं www.cgstate.gov.in, www.cg.nic.in/mahasamund अथवा www.zpmahasamund.cgpanchayat.gov.in पर देखी जा सकती है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

(ऋतुंराज रघुवंशी) (I.A.S.)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सह सदस्य सचिव SBM(G)
महासमुन्द (छ.ग.)

विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें:–

| S NO | Name of post | Eligibility Criteria | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Educational qualification | Relevant experience | Key functional areas |
| 01 | District consultant | Post graduate degree or post graduate diploma from a recognized university/institute in management/social science/rural management/public | • Candidate should have worked in development projects in government for at non-government for at least 3 year with at least I years of experience in public health/sanitation.<br>• Sound professional skills in planning implementation monitoring and reporting of rural development.<br>• The knowledge of computers and its operation would desirable.<br>• Person already worked in WASH Programme will be given preference or person posses M.Phil or Ph.D. will be given preference. | • He/she will be coordinating the overall mission at district level planning execution and monitoring planning execution and monitoring of all project activities at district level.<br>• He/she will ensure strengthening the capacity for the sanitation demand creation activities at scale in the district and block.<br>• He/she will be responsible for developing district project implementation plan.<br>• He/she will be responsible for preparing capacity building plan for stakeholders and facilitate the implementation.<br>• Organize and facilitate district level TOTS, workshops orientation programmes social mobilization and communication actives.<br>• S/he will be responsible for convergence with other line department.<br>• Task related to convergence with other departments for greater synergy.<br>• Preparation of consolidates monthly progress reports.<br>• S/he will be supervising the functioning of block unites in the district and guide them to function uniformly and deliver quality result.<br>• Monitor distribution and use of IEC. |

1. उपरोक्त नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सी) क्र./591/2012/रिट पिटी.क्र. 592/2012 रिट पिटी.क्र. 593/2012 रिट पिटी.क्र. 593/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेगी।
2. संविदा नियुक्ति नियुक्त उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण के दिनांक से 31.03.2018 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् नियुक्ति कर्ता अधिकारी कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर, आगे बढाने का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त मानी जावेगी।
3. संविदा नियुक्ति अवधि में शासन द्वारा निर्धारित संविदा वेतन देय होगा।
4. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2018 की स्थिति में न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। शासन द्वारा आयु सीमा में दी गई छुट लागू होगी।

5. रिक्त पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई–बढाई जा सकती है। इस संबंध में नियुक्तिकर्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा 31 मार्च 2019 तक किसी भी कारणों से उत्पन्न रिक्तियों पर इसी विज्ञापन में प्राप्त आवेदनों से नियमानुसार नियुक्ति की जा सकेगी।
6. संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ शासन द्वारा जारी संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी एवं नियुक्त कर्मचारी छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित होंगे।
7. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। सेवा समाप्ति के बाद कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।
8. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
9. चयन की कार्यवाही एवं संपूर्ण प्रक्रिया इस हेतु गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्ण की जावेगी।
10. विज्ञापित पदों पर शैक्षणिक आहर्ता/आयु/अनुभव आदि के संबंध में अस्पष्टता की स्थिति में शासन द्वारा जारी दिशा/निर्देशों के तहत निर्णय लिया जावेगा।
11. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन आवश्यक है। इस हेतु पंजीयन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न किया जावे।
12. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की छायाप्रति अभिप्रमाणित होना चाहिए।
13. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन दिया जाना होगा। लिफाफे के उपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख किया जावे। अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के उपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से लिखे।
14. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किये जायेगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से ही स्वीकार होंगे। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 5 रूपये का टिकट लगा हुआ दो लिफाफा भी संलग्न करें।
15. अनुभवी व्यक्ति को कार्यरत संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी नियुक्ति आदेश एवं अनापत्ति/अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
16. प्राप्त आवेदनों के सबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
17. आवेदक का आवेदन दिनांक12/02/2018 को सायं 05.30 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत महासमुन्द में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।
18. विज्ञापित पदों पर की जा रही भर्ती के संबंध में आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत सूचना भेजी जावेगी और उसे www.cg.nic.in/mahasamund अथवा www.zpmahasamund.cgpanchayat.gov.in, अथवा www.cgstate.gov.in वेबसाइट में भी अपलोड किया जावेगा। किसी कारण यदि व्यक्तिगत सूचना के प्राप्ति में विलंब होने अथवा सूचना प्राप्त न होने पर वेबसाइट में जारी जानकारी/सूचना को ही आवेदक को सूचना माना जावेगा।
19. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला पंचायत महासमुन्द के सूचना पटल पर एवं www.cg.nic.in/mahasamund अथवा www.zpmahasamund.cgpanchayat.gov.in, अथवा www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।
20. **आवेदनों की छटनी :–**

उम्मीदवरों की शैक्षणिक अहर्ताओं में प्राप्तांको के आधार पर वरीयता क्रम में 50 उम्मीदवरों की सूची NIC द्वारा भरे गये आवेदन पत्र के प्रति के साथ उपलब्ध कराई जायेगी। शैक्षणिक अर्हता में प्राप्तांको की गणना निम्नानुसार होगी :–

| परीक्षा | गणना |
|---|---|
| 10 वी. | प्राप्तांक का 20 प्रतिशत |
| 12 वी. | प्राप्तांक का 20 प्रतिशत |
| स्नातक | प्राप्तांक का 30 प्रतिशत |
| स्नातकोत्तर | प्राप्तांक का 30 प्रतिशत |

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक विषयों में स्नातकोत्तर अथवा अन्य डिग्रियां प्रस्तुत की जाती है तो संबंधित विषय में अधीकतम अंक वाली डिग्री में प्राप्तांकों को मूल्यांकन के लिए शामिल किया जाएगा। प्रथम 50 स्थान पर आये हुए अभ्यर्थियों के आवेदनों में उल्लेखित अनुभव का मूल्यांकन छटनी समिति द्वारा किया जावेगा।

अनुभव के मूल्यांकन हेतु अधिकतम अंक निम्नानुसार होंगे :–

| प्रासंगिक अनुभव | 05 वर्ष तक | 05–07 वर्ष | 07–10 वर्ष | 10–13 वर्ष | 13 वर्ष से अधिक |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला सलाहकार हेतु | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

उम्मीदवारो की शौक्षणिक अहर्ता मे प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत अनुभव मे छंटनी समिति द्वारा अनुभव के 100 अंको पर किये गये मूल्यांकन का 50 प्रतिशत के योग के आधार पर वरीयता क्रम की गणना की जावेगी। अभ्यर्थियों को आगमी चरण के लिये पात्रता हेतु 50 अंक कटऑफ होगा।

शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव पर दिये गये अंक के आधार पर तैयार वरीयता क्रम सिर्फ आगे की प्रक्रिया मे शामिल होने के लिये हैं, अंतिम सूची तैयार करने के लिए इनका समायोजन नही किया जाएगा। इन आवेदनों में उल्लेखित विषय विशेष अनुभवों का मूल्यांकन छटनी समिति के द्वारा किया जाएगा। यह समिति शैक्षणिक अहर्ताओं में अंकों के आधार पर वरीयता प्राप्त इन उम्मीदवारों के अनुभवों का मूल्यांकन कर वरीयता क्रम में प्रति पद के विरुद्ध प्रथम 10 उम्मीदवारों का नाम दस्तावेजों का सत्यापन, समूह चर्चा व व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए अनुशंसा करेगी।

21. अभ्यार्थियों को समूह चर्चा में 40 अंक एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार में 60 अंक निम्न बिन्दुओ के आधार पर अंक दिये जाएगे।

| Methodology | Attributes to be assessed | Assessment Pattern |
|---|---|---|
| Group Discussion | • Group Facilitation skill<br>• Leadership skill<br>• Conflict Resolution skill<br>• Decision making skill<br>• Community organization skill<br>• Perseverance | Group discussion will focus to capture<br>• Task orientation initiative, logical submission. Generating ideas. Evaluation. Building on other's ideas etc.<br>• Process– coordination. Listening other's politeness, conflict resolution. Accept criticism, consensus building etc.<br>• Maladaptation– withdrawal, domination. Cross talk abusive etc.<br>• Grade/score will be given by panel through observation. |
| Interview | • Conceptual clarity on poverty in local context. Development principle and strategies.<br>• Thematic knowledge based on positions<br>• Vision to work with poor<br>• Relevant experience (quality and suitability for the position)<br>• Positive behavioural and personal traits. | Interview will focus to verify the relevance of experience its quality and how it suits to SBM(G) work Commitment, confidence. Communication and motivation aspect will be explored though interaction. Special attention will be indentifying candidate's willingness to work for sanitation programme.<br>Grade/score will be given by panel based on their assessment. |

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

(ऋतुंराज रघुवंशी) (I.A.S.)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सह सदस्य सचिव SBM(G)
महासमुन्द (छ.ग.)

## (स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला पंचायत महासमुन्द (छ.ग.))
## आवेदन पत्र का प्रारूप

### //आवेदन पत्र//

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत – महासमुन्द

स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम : .....
2. आवेदक का नाम : .....
3. पिता/पति का नाम : .....
4. वर्ग (अना./अजा/अजजा/अपिवर्ग : .....
5. लिंग (पुरूष/महिला) : .....
6. जन्म तिथि : .....
7. आयु (01.01.2018 की स्थिति में) : वर्ष.....माह.....दिन.....
8. स्थायी पता .....
9. पत्र व्यवहार का पता .....
10. दूरभाष क्रमांक (यदि कोई हो) : .....
11. ई–मेल : .....
12. शैक्षणिक योग्यता (स्पष्ट अक्षरों में पूरा लिखें) :

| क्र | उत्तीर्ण परीक्षा | वर्ष | परीक्षा परिणाम | | | | बोर्ड विश्विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

13. अनुभव – संस्था का नाम..... पद का नाम.....

| | |
|---|---|
| अनुभव की अवधि | |
| अनुभव का कार्यक्षेत्र | |

14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक .....
रोजगार कार्यालय का नाम .....

टीप :– जाति, मूल निवासी, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता अन्य चाही गई योग्यता अनुभव/अनापत्ति, व्यावसायिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं अन्य पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

**//घोषणा पत्र//**

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक से पूर्णतः सत्य है। इसमें से काई जानकारी गलत/असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा, तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताये मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा।

स्थान .....
दिनांक .....

आवेदक के हस्ताक्षर

(आवेदक का पूरा नाम व पता)

संलग्न प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सूची

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....